समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# भारत के दोस्त रूस ने पाकिस्तान की डील पर तोड़ी चुप्पी, बताया 'फर्जी प्रोपेगेंडा'.

Publisher — Published on 31 May 2025



## रूस ने पाक मीडिया के 2.6 अरब डॉलर की स्टील प्लांट डील के दावे को बताया झूठा, कहा- भारत से रिश्ते खराब करने की साजिश।

**नई दिल्ली : पाकिस्तान मीडिया** में पिछले दिनों यह दावा किया गया था कि **रूस और पाकिस्तान** के बीच **कराची मे सोवियत युग के स्टील प्लांट** को पुनर्जीवित करने के लिए **2.6 अरब डॉलर** की डील हुई है। लेकिन अब **रूस** ने इन खबरों को **सिरे से खारिज** कर दिया है। रूस का कहना है कि यह पूरी तरह से **अफवाह** है और इसका मकसद सिर्फ **भारत और रूस** के संबंधों को बिगाड़ना है।

**रूसी मीडिया और अधिकारियों ने दी सफाई**
**रूसी न्यूज़ एजेसी 'स्पुतनिक इंडिया'** ने स्पष्ट किया है कि इस कथित डील को लेकर **कोई विश्वसनीय स्रोत नहीं** है।

स्पुतनिक ने कहा कि **रूस और पाकिस्तान के बीच बातचीत** तो हुई है, लेकिन **कोई अरबों डॉलर की डील नहीं हुई है।**

रूसी अधिकारी ने पाक मीडिया के दावे पर टिप्पणी करते हुए कहा, "यह सिर्फ एक व्यक्ति का सनसनी फैलाने वाला दावा है, जिससे भारत-रूस के मजबूत रिश्ते प्रभावित हों।"

**क्या था पाक मीडिया का दावा ?**
१. पाकिस्तानी मीडिया ने कहा था कि **रूस और पाकिस्तान** ने **1970 के दशक मे बंने पाकिस्तान स्टील प्लांट** को फिर से शुरू करने के लिए **2.6 बिलियन डॉलर** की डील साइन की है।
२. यह वही स्टील प्लांट है जिसे **सोवियत संघ** ने डिजाइन किया था और फंडिंग भी दी थी।

३. दावा यह भी किया गया कि इस डील से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### रूस का दो टूक इनकार

१. रूस की ओर से कहा गया कि **ऐसा कोई करार नहीं हुआ है** और यह पूरी खबर मनगढ़ंत है।

२. रूस ने इसे **भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को कमजोर करने की कोशिश** बताया।

३. खासकर **पहलगाम आतंकी हमले** और **ऑपरेशन सिंदूर** के बाद रूस ने भारत के **आतंकवाद विरोधी कदमों का समर्थन किया** है।

### भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी और भी मजबूत

१. **ऑपरेशन सिंदूर** के बाद भारत ने आतंक के खिलाफ बड़ा कदम उठाया था।

२. रूस ने उस वक्त बयान जारी कर कहा था कि **भारत को आतंक के खिलाफ सख्त कदम उठाने का पूरा अधिकार** है।

३. इस घटनाक्रम ने दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.